**अगस्त २०१५**

**1. बाड़मेर में बनेंगे 50 नंद घर:**

- इटलीकी शनेल टेक्नोलॉजी से देश में 4 हजार आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों बनाए जाएंगे।
- इन्हें नंद घर का नाम दिया गया है।
- देश में बनने वाले इन नंद घरों में सबसे पहले बाड़मेर से शुरूआत की गई है।

2. **राष्ट्रीय पर्यावरण केन्द्र** **मुकाम में**

- मुकाम में केन्द्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पर्यावरण केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

3. **एक लाख आबादी वाले शहर सीवरेज से जुड़ेंगे, ट्रीटेड पानी बेचेगी सरकार**

- प्रदेशमें अब एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर सीवरेज से जुड़ेंगे। सीवरेज से निकलने वाले पानी को ट्रीटेड कर उद्योग, खेती और व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए बेचेगी।
- इसके लिए एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के लिए सीवरेज एंड वेस्ट वाटर पॉलिसी लाए जाने को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई।
- **ट्रीटेड पानी के इस्तेमाल के लिए दरें** : औद्योगिक और व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए पीएचईडी की मौजूदा पानी की दरों का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा। वहीं कृषि में इस्तेमाल के लिए प्रति हजार लीटर 3 रुपए देने होंगे।
- पॉलिसी आने के बाद अगले पांच सालों में शहरों की एक करोड़ 10 लाख की आबादी को सीवरेज से जोड़ा जाएगा।
- पॉलिसी के तहत 90 फीसदी सीवरेज प्लांट सरकार तैयार करेगी। कुछ जगहों पर सार्वजनिक और निजी भागीदारी से सीवरेज प्लांट तैयार किए जाएंगे।
- इसमें निजी कंपनी 15 सालों तक ट्रीटेड पानी को बेच सकेगी।
- इसके अलावा पॉलिसी में यह प्रावधान भी है कि अगर कोई औद्योगिक इकाई खुद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाती है तो सरकार उसे पीएचईडी की मौजूदा दरों के 25 फीसदी पर अनट्रीटेड पानी सप्लाई करेगी। इस पानी को वह खुद के इस्तेमाल में ले सकेगा।

**4.** 64वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 5 से 8 नवम्बर तक जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

**5. पारुल शेखावात** राजस्थान की : फर्स्ट कमर्शियल लेडी पायलट

6. सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन को वर्ष 2014-15 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ पर्यटक मित्ररेलवे स्टेशन का ' राष्ट्रीय पर्यटन अवार्ड से सम्मानितकिया गया है।

वन्य जीवों के संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जन जागृति फैलाने के लिए स्टेशन परिसर की दीवारों पर वन्यजीवन को बड़े सुंदर ढंग से उकेरा गया है। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर

GShindi.com

किये जा रहे विकास एवं सौंदर्य के प्रयासों के कारण ही इसे प्रथम हेरीटेज स्टेशन का दर्जा भी मिल चुका है।

**यह स्थिति है प्रदेश की**

| जिला | बर्थ रेट (2015-16) | बर्थ रेट (2014-15) | अंतर |
|---|---|---|---|
| अलवर | 912 | 915 | -3 |
| भरतपुर | 922 | 933 | -11 |
| दौसा | 919 | 930 | -11 |
| धौलपुर | 924 | 931 | -7 |
| श्रीगंगानगर | 934 | 918 | 16 |
| जयपुर | 904 | 912 | -8 |
| झुंझुनूं | 903 | 894 | 9 |
| करौली | 926 | 943 | -17 |
| सवाईमाधोपुर | 913 | 945 | -32 |
| सीकर | 923 | 939 | -16 |

(स्वास्थ्य विभाग के पीसीटीएस के आंकड़ों के अनुसार)

**निरीक्षण में पिछड़े :** जैसलमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, बारां, बूंदी, डूंगरपुर, जालौर, झालावाड़, करौली, नागौर, राजसमंद, प्रतापगढ़, टोंक, सिरोही

**7. प्रदेश में बालिका लिंगानुपात**

- जयपुर समेत अलवर, भरतपुर, धोलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर सीकर जिलों में तीन से लेकर 32 अंकों की कमी आई है।
- श्रीगंगानगर झुन्झुनू जिलों में बालिका लिंगानुपात में 9 से 16 अंकों का इजाफा हुआ है।

**8. बांदीकुई के तेजपाल:** दिल्लीमुंबई के बीच चलने वाली देश - की150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हाई स्पीड टेल्गो ट्रेन को बांदीकुई निवासी लोको पायलट तेजपाल मीना दौड़ाएंगे|

**9. पीएचसी, जिला अस्पतालों में बायोमेडिकल उपकरणों की मेंटेनेंस किर्लोस्कर कंपनी को:**

- जिला अस्पतालों में लगे बायोमेडिकल उपकरणों की मरम्मत रखरखाव की जिम्मेदारी अब किर्लोस्कर टेक्नोलॉजी कंपनी करेगी।

10. **तीन साल में दुगुनी हो गई आर्गेनिक फार्मिंग:**

- राजस्थान में वर्ष 2015-16 में 1,55020 हैक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती की गई।
- इसमें 58,534 मैट्रिक टन जैविक उत्पादन हासिल किया गया।

**जैविक खेती करने वाले देश के पांच प्रमुख राज्य**



| राज्य | वर्ष 2013-14 | वर्ष 14-15 | वर्ष 15-16 |
|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 232887 | 397566 | 461774 |
| कर्नाटक | 30716 | 52473 | 93963 |
| महाराष्ट्र | 85536 | 134324 | 198352 |
| राजस्थान | 66020 | 107523 | 155020 |
| तमिलनाडु | 3640 | 11964 | 14456 |

(जमीन हैक्टेयर में)

- पिछले तीन सालों की तुलना में आर्गेनिक फार्मिंग दोगुनी हो गई है।
- देश में जैविक खेती करने के मामले में हम राजस्थान चौथे स्थान पर गया हैं।

11. **अल्का बत्रा को चौथी बार नेशनल अचीवर्स अवॉर्ड:** उन्हें यह सम्मान ह्यूमन रिसोर्स फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। गौरतलब है कि अल्का बत्रा आंत्रप्रिन्योर हैं।

12. **दूसरा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वाटर राजस्थान में खुलेगा:** देश में पश्चिम बंगाल के बाद राजस्थान दूसरा ऐसा प्रदेश होगा जहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वाटर की स्थापना की जाएगी।

13. **कृष्ण के बाद अब बालाजी टूरिस्ट सर्किट का प्रस्ताव, केंद्र से मिलेगा बजट:**

- राजस्थानमें कृष्ण के बाद बालाजी टूरिस्ट सर्किट का प्रस्ताव तैयार हो रहा है।
- इसके लिए देवस्थान, वन, पुरातत्व और पर्यटन विभाग मिलकर काम करेंगे।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से 100 फीसदी रकम फंडिंग की जाएगी।

GShindi.com

- बालाजी टूरिस्ट सर्किट में जयपुर के सामोद, घाट के और बंधे के, अलवर के पांडुपोल, चुरु के सालासर और दौसा के मेंहदीपुर बालाजी के मंदिरों को शामिल किया गया है।
- राजस्थानमें **कृष्ण टूरिस्ट सर्किट** बनाने के लिए 91.45 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है।
- इसके तहत भी जयपुर के गोविंद जी सहित कई मंदिरों को शामिल किया गया है।

14. **भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार**

- प्रदेशमें संचालित भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना को केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।
- भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना से अब तक 1 हजार से अधिक चिकित्सा केन्द्रों पर 180 करोड से अधिक राशि के क्लेम बुक किए जा चुके है। और साढे 3 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला है।
- रोजाना एक करोड़ से अधिक राशि के क्लेम बुकिंग से आमजन का निशुल्क उपचार हो रहा है। योजना से जुडने वाले निजी अस्पतालो की संख्या बढकर 568 हो चुकी है।

15. **एडीजी सोनी को राष्ट्रपति पुलिस पदक इंस्पेक्टर फैज मोहम्मद को वीरता पुलिस पदक सम्मान**

- स्व. फैज मोहम्मद (मरणोपरांत) को राष्ट्रपति का वीरता का पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा।
- एडीजी (एसडीआरएफ) बी.एल. सोनी को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

16. **जयपुर में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन आयोजित हुआ अगस्त में :**

- समारोह का उद्घाटन सुबह 11 बजे विधानसभा के सदन में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जहां भारत, ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका की कुल 42 महिला सांसद, प्रदेश के विधायकों के साथ सदन में बैठीं।

17. **सागरमल द्रोणाचार्य अवार्ड के लिए नामित:**

- राजस्थानके सागरमल धायल को द्रोणाचार्य अवार्ड के लिए चुना गया है।
- वे मैरीकॉम, विजेंदर सहित कई स्टार मुक्केबाजों को ट्रेनिंग दे चुके हैं।

18. **पैरा एथलीट संदीप सिंह मान का चयन अर्जुन अवार्ड के लिए:**

- 2010मेंगुआंगजाउ चाइना में पैरा एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल और कॉमनवेल्थ में छठे स्थान पर
- 2011मेंआईडब्ल्यूएस वर्ल्ड गेम्स दुबई में दो गोल्ड मेडल

- 2014मेंसाउथ कोरिया पैरा एशियन गेम्स में दो सिल्वर मेडल और दुबई ग्रांड प्रिक्स में दो गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल मिला है।
- इनको महाराणा प्रताप अवार्ड से भी नवाजा जाएगा

19. **बादरायण सम्मान** : जैनविश्वभारती विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राकृत भाषा विभाग के प्रो. दामोदर शास्त्री एवं जैन विद्या विभाग के सहायक आचार्य डॉ. योगेश जैन को राष्ट्रपति ने बादरायण सम्मान की घोषणा की।

20. **घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र :**
- प्रदेश का पहला औद्योगिक क्षेत्र जो सोलर लाइट से जगमगाने लगा है
- फायदा -सोलर लाइट के चलते बिजली की बचत होगी। इससे पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचेगी। साथ ही सामान्य तय लाइटों से निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड से भी बचाव होगा।

21. **राज्य में आईएमआर :**
- राज्य में आईएमआर भले ही 47 से 46 प्रति 1000 लाइव बर्थ हो गई हो, राजस्थान इस साल भी चौथे पायदान पर है।
- आईएमआर में गिरावट में हम, सूची में शामिल दो राज्यों बिहार और उत्तराखंड से ही बेहतर हैं। आईएमआर सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में, दूसरे स्थान पर आसाम, ओडिशा और तीसरे पर उत्तर प्रदेश है

22. **नाहरगढ़ से एक सितंबर से बैलून सफारी शुरू :**

**23.माँ कार्यक्रम :**
- इसके तहत अस्पतालों में प्रसव के बाद प्रसूता को नवजात शिशु को दूध पिलाने के साथ ही इससे दोनों को होने वाले फायदे तथा जागरूक किया जाएगा।

**24. नगरीय विकास कर में संशोधन :**
- सरकारने नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) में संशोधन कर महिलाओं के नाम वाली संपत्तियों पर टैक्स में 10% की छूट दी है।
- भूखंडधारी को पहली बार टैक्स के स्व निर्धारण की सुविधा दी गई है। टैक्स जमा कराने की ऑनलाइन सुविधा भी करदाताओं को मिलेगी।
- तय फार्मूले के हिसाब से भूखंडधारी खुद टैक्स निर्धारण करके जमा करवा सकेगा।
- तीन सौ वर्ग गज तक के आवासीय, संस्थानिक और औद्योगिक भूखंडों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके अलावा 300 वर्गगज से अधिक भूमि पर 1500 वर्गफीट तक के आवासीय फ्लैट को भी कर मुक्त रखा गया है।
- 100वर्गगज से अधिक के व्यावसायिक भूखंडों पर भिन्न-भिन्न स्वामित्व के बिल्टअप एरिया के आधार पर टैक्स की गणना होगी। केंद्र सरकार की व्यावसायिक उपयोग में

रही संपत्तियों पर भी यूडी टैक्स लगेगा। साथ ही सभी सार्वजनिक उपक्रमों, मंडलों, निगमों पर भी टैक्स लगेगा।

**25. जयपुर में होगा हिंदी विज्ञान सम्मेलन दिसंबर में:**

- देश भर के 500 वैज्ञानिकों के शामिल होने की संभावना है।
- खास यह है कि सम्मेलन के दौरान सभी शोधपत्र हिंदी में पढ़े जाएंगे।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है।
- पिछले साल कोयंबटूर में यह सम्मेलन हुआ था। पहली बार विज्ञान सम्मेलन का आयोजन हिंदी में किया जा रहा है।
- सम्मेलन को विकास की थीम पर रखा गया है, जिससे वैज्ञानिकों की ओर से किए जाने वाले शोध को आम आदमी से भी कनेक्ट करने में आसानी हो सके।
- साथ ही पहली बार शोध पत्र को हिंदी में पढ़ने के लिए वैज्ञानिकों से कहा जा रहा है।

26. **पशु क्रूरता निवारण समित, कलेक्टर होंगे अध्यक्ष:**

- पशुओंपर होने वाली क्रूरता को रोकने एवं उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार ने सभी जिलों में पशु क्रूरता निवारण समितियों का गठन करने का निर्णय किया है।
- इस समिति के पदेन अध्यक्ष जिला कलक्टर और पदेन उपाध्यक्ष जिला पुलिस अधीक्षक होंगे।
- पशुपालन विभाग के जिला संयुक्त निदेशक इस पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य सचिव होंगे।

GShindi.com